# अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से जाने जायेंगे अस्पताल, गाइडलाइन जारी




बज्जू के उप स्वास्थ्य केन्द्र ग्रांधी का नाम बदलकर आरोग्य मंदिर किया तथा इसे पीले रंग से पुतवाया।

■ हल्का पीला कराने की 31 दिसम्बर तक फोटो को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दिए

**बीकानेर,** (कासं)। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों के नाम और ब्रांडिंग में बदलाव की कवायद शुरू हो गई है। स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र अब आरोग्य मंदिर के नाम से जाने जायेंगे। इतना ही नहीं इनका रंग भी हल्का पीला होगा। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। सभी स्तर पर आरोग्यं परमं धनम् भी लिखा जायेगा। इसे लेकर केन्द्र व राज्य सरकार ने गाइड लाइन जारी कर दी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अबरार अहमद ने बताया कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों (एचडब्लयूसी) का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया जायेगा। इसके अलावा इन पर नियमानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र भी अंकित होगा। इस संबंध में सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को ब्रांडिंग कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कर 31 दिसम्बर तक फोटो को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. अबरार ने बताया कि जिले के कुल 185 शहरी व ग्रामीण चिकित्सा संस्थान का नाम बदलना है। इसमें से 17 शहरी स्वास्थ्य केन्द्र व ग्रामीण क्षेत्र में 168 स्वास्थ्य केन्द्र है। इनकी कलर ब्रांडिंग करवाई जा रही है। इन चिकित्सा संस्थानों की ब्रांडिंग अलग होने से स्वास्थ्य केन्द्रों को दूर से ही पहचाना जा सकेगा। इससे आम मरीजों को उपचार स्थल तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके अलावा एनएचएम का लोगों भी अंकित किया जायेगा। आमजन को जानकारी देने वाले साइन व फ्लैक्स बोर्ड भी बदले जायेंगे। पहले चरण के बाद अन्य वंचित स्थानों पर जहां पर सीएचओ नहीं है, वहां कार्य अगले चरण में शुरू होगा।

**मिशन अगेंस्ट एनीमिया :** जिले को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में चलाए जा रहे 'मिशन अगेंस्ट एनीमिया' अभियान के तहत वर्ष 2023 में जिले की ढाई लाख बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच में केवल 13 बालिकाएं ही गंभीर एनीमिक पाई गई। जबकि 7 हजार 571 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन मॉडरेट श्रेणी में पाया गया है। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में प्रारम्भ किए गए इस अभियान के तहत पहले वर्ष में एक लाख 3 हजार 960 बालिकाएं मॉडरेट श्रेणी में चिन्हित की गई थी तथा 631 बालिकाओं में सीवियर एनीमिया पाया गया था। जबकि इस वर्ष इतनी ही बालिकाओं की जांच में एनीमिक बालिकाओं की संख्या में प्रभावी कमी आई है। भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से गत वर्ष भी मॉडरेट श्रेणी में चिन्हित बालिकाओं का हीमोग्लोबिन स्तर सुधारने में मदद मिली थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में की गई प्रथम जांच में 631 बालिकाओं का हीमोग्लोबिन 7 से कम था। एक लाख 3 हजार 960 बालिकाएं मॉडरेट श्रेणी में थी।

नियमित मॉनिटरिंग कर इन बालिकाओं को विशेष उपचार दिया गया, जिसके बाद तकरीबन सभी बालिकाओं को 11 से अधिक हीमोग्लोबिन श्रेणी में लाया जा सका। इन बालिकाओं को विशेष उपचार के रूप में आयरन सुक्रोज व फेरिक कार्बोक्सी माल्टोस दवा दी गई। अभियान के दूसरे वर्ष और सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष करीब ढाई लाख बालिकाओं की प्रथम जांच में मॉडरेट एनीमिक श्रेणी में 7 हजार 571 बालिकाएं पाई गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतडी उपखंड के राजोता में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे, जबकि अध्यक्षता एसडीएम जय सिंह चौधरी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से राजोता में लगाए गए शिविर का शुभारंभ किया।

संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का जो सपना संजोया है, उसे सबके साथ और सबके विश्वास से साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। सरकार का मूल मंत्र गरीब की सेवा तथा वंचितों का सम्मान है। सभी को साथ लेकर क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

जो पहले अपना कार्य करने की परिपाटी थी,उस परिपाटी को बदला जाएगा। आमजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने को लेकर केंद्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ मुहैया करवाना है। सरकार की योजनाओं के लाभान्वित करने को लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वही गांव-गांव में शिविर लगाकर प्रशासन की ओर से प्रत्येक व्यक्ति को इन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

## सार-समाचार

### गोपाल अग्रवाल रोटरी अध्यक्ष बने



**बीकानेर,** (कासं)। रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स में आगामी सत्र 2024-25 के लिए क्लब के वरिष्ठ एवं अनुभवी रोटे. गोपाल अग्रवाल को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के सहायक प्रांतपाल रोटे. राजेश बवेजा ने बताया कि क्लब अध्यक्ष रोटे पंकज पारीक की अध्यक्षता में आयोजित वर्तमान कार्यकारिणी की बैठक में रोटे गोपाल अग्रवाल के नाम पर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ मनोज कुड़ी ने बताया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय के नियमानुरूप रोटे. गोपाल अग्रवाल 01 जुलाई 2024 से अपनी कार्यकारिणी सहित कार्यभार सम्भालेंगे। क्लब कोषाध्यक्ष रोटे. डॉ पुनीत खत्री ने बताया कि आगामी अध्यक्ष रोटे. गोपाल अग्रवाल शीघ्र ही सचिव का चयन कर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के आगामी प्रांतपाल रोटे. राहुल श्रीवास्तव द्वारा बीकानेर में आयोजित किये जा रहे प्री पेट्स-सेट्स कार्यक्रम में भागीदारी निभायेंगे। सभा में उपस्थित रोटरी के सहायक प्रांतपाल रोटे. राजेश बवेजा, उपाध्यक्ष रोटे. मनोज सोलंकी, कोषाध्यक्ष रोटे. डॉ पुनीत खत्री, निदेशक रोटे. विपिन लड्ढा, रोटे. डॉ विशाल गौड़, रोटे. ज्योति प्रकाश रंगा, रोटे. ऋषि धामू, रोटे. जगदीप सिंह ओबेरॉय आदि ने आगामी अध्यक्ष रोटे. गोपाल अग्रवाल को शुभकामनाएं दी।

### बेबी किट का वितरण



महावीर इंटरनेशनल ने पीबीएम हॉस्पीटल में बेबी किट का वितरण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल, बीकानेर केन्द्र द्वारा प्रातः 11:00 बजे पीबीएम हॉस्पिटल में बेबी किट का वितरण किया गया। वीर मनोज गुप्ता की प्रेरणा द्वारा इसके आर्थिक सहयोगी मेघाराम गोदारा अपने स्व. पुत्र गजेंद्र गोदारा की द्वितीय पुण्य तिथि पर बेबी किट का वितरण किया। जिसमे वीर नरेंद्र सुराणा, वीर शिखरचन्द सुराणा, वीर सुरेश गुप्ता, वीर प्रवीण मित्तल, वीर रोटेरियर नवरतन रंगा, वीर मेघराज गोदारा, वीर मेघराज बोथरा व पीबीएम हॉस्पिटल के जनना वार्ड के हैड डॉ. स्वाती कोचर, डॉ. संतोष खजोटिया व अन्य स्टाफ उपस्थित था।

### रमनदीप कौर ने जीता खिताब



**बीकानेर,** (कासं)। यहां की रमनदीप कौर सोढ़ी ने जयपुर में आयोजित हुई वर्ल्ड फिटनस फैडरेशन की मिस इंडिया और मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में पूरे देश भर के शीर्ष ग्लेमरस एथलीटों को पटखनी देते हुए स्वर्ण पदक जीता है। रमनदीप कौर सोढ़ी ने इस मुकाबले में अपने-अपने राज्यों के स्वर्ण पदक विजेताओं को मात देकर मोस्ट ग्लेमरस एथलेटिक खिलाड़ी का ओवर ऑल खिताब जीता, बल्कि वर्ल्ड फिटनस फैडरेशन के ग्लेमर श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया है। बीकानेर मूल की रमनदीप कौर सोढ़ी पहली ऐसी महिला है। जिसने ग्लेमर व शारीरिक प्रतियोगिता में सिक्किम, मेघालय, उड़ीसा, दिल्ली के पेशेवर खिलाड़ियों को हराकर अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

### रेलवे के पूर्व कर्मचारियों का सम्मान

**चूरू,** (कासं)। इन्द्रमणी पार्क में राष्ट्रीय रेलवे पेंशनर दिवस पर सभा का आयोजन किया गया। सभा में 75 व 85 वर्ष वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पूर्व लोको पायलट रामप्रकाश शर्मा व पूर्व गार्ड नवाब अली शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा में पूर्व स्टेशन अधीक्षक भंवरलाल मीणा ने पूर्व कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का पत्रों के माध्यम से मेडिकल सुविधा पर प्रकाश डाला। सभा में पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए अध्यक्ष को एक कमेटी गठित कर सीएमएस बीकानेर से मिलने का सुझाव दिया। जिसमें पेंशनरों की स्वास्थ्य में सुधार की प्रक्रिया नितिगत ढंग से हो सके। सभा को अनवर अनवर गौड व नबाब खां ने आभार व्यक्त किया।

### विधायक मोदी का किया स्वागत

**पाटन,** (निसं)। रविवार को नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक सुरेश मोदी की तरफ से निकाली जा रही धन्यवाद यात्रा जाखड़ कॉलोनी, गोरधनपुरा, पुरानाबास, कैरवाली, कोटड़ा में निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक सुरेश मोदी का माल्यार्पण कर मिठाई बांटी एवं व डीजे पर जुलूस निकालकर स्वागत किया। विधायक मोदी ने कहा कि नीमकाथाना की जनता ने मत व समर्थन देकर भारी मतों से जीत दिलाई यह मेरी जीत नहीं है, जनता की जीत है। नीमकाथाना की जनता ने एक संदेश दिया है कि नीमकाथाना में जो काम करेगा वही नीमकाथाना का विधायक होगा एवं नीमकाथाना को जो स्थानीय निवासी होगा जनता उसी व्यक्ति को वोट करेगी। इस मौके पर रणजीत सिंह बुडाणिया, दयाराम चाहर, रामजीलाल बोराण, पूर्व सरपंच रणवीर साई, गोकुल जाखड़, सेडू भास्कर, अशोक जाखड़, सीताराम जाखड़ सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य नहर में पानी घटने से पीएस नहर एक दिन बाद ही बंद

■ एक दिन बाद ही नहर बंद होने से आक्रोशित किसानों ने पीएस नहर हैड पर पहुंचकर नहर को जबरन खोल दिया

**रायसिंहनगर,** (कासं)। गंगनहर के पीएस हैड पर उस समय तनाव की स्थिति हो गई जब वरियताक्रम के अनुसार आगामी शनिवार तक चलने वाली पीएस नहर को सिंचाई विभाग ने मुख्य नहर में पानी घटने का हवाला देकर रविवार सुबह आठ बजे अचानक बंद कर दिया गया।

एक दिन बाद ही अचानक नहर बंद होने से आक्रोशित किसानों ने पीएस नहर हैड पर पहुंचकर दोपहर 12.40 पर नहर को जबरन खोल दिया। जिससे रिड़मलसर एमके व समेजा नहरों में पानी कम हो गया। नहरों सिंचाई पानी कम होता देख संबंधित नहरों के किसान भी हैड पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। दोनों पक्षों के किसान आमने सामने होने से एक बार तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

किसानों के बीच बढे़तनाव को देखते हुए श्रीगंगानगर जिले में चुनावों में लगी एफएसटी टीम के अलावा रिड़मलसर थाना प्रभारी सुमेर सिंह व मुकलावा थाना प्रभारी इमरान खान मय जाब्ते मौके पर पहुंचे कानून व्यवस्था को संभाला। सिंचाई विभााग के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर रविवार शाम पांच बजे श्रीगंगानगर सिंचाई विभाग रेगुलेशन के सहायक अभियंता अजीत घासल व कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार मौके पर पहुंचकर नहर को बंद करवाया और किसानों से समझाइश की।

वार्ता के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पीएस नहर के किसानों को आश्वस्त किया की पीछे से सिंचाई पानी पूरा होने पर पीएस नहर को पुनः चलाया जायेगा। सात दिन पूरा पानी चलाकर किसानों की भरपाई कर दी जायेगी। जिस पर किसान मान गए और पीएस नहर को बंद कर दिया गया।

उधर समेजा नहर में पानी घटने से बड़ी संख्या में किसान डाबला हैड पर पहुंच गए और चल रही समेजा नहर में पानी घटने से रोष जाहिर किया। जिसको लेकर एम टीके नहर के चेयरमैन बोहड़ सिंह व किसान बलजिन्द्र सिंह खालसा ने बताया कि पीएस नहर खोलने से एमके समेजा व रिड़मलसर नहरों की बारियां पांच से छह घंटे तक पिट गई है। उन्होंने क्षति पूर्ति देकर भरपाई देकर सिंचाई के हुए नुकसान की पूर्ति करने की मांग की है। किसानों की पांच से छह घंटे बारी पिट गई है।

अजीत घासल, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग श्रीगंगानगर का कहना है कि मुख्य नहर में पानी घटने के कारण नियमानुसार पीएस नहर को बंद करना पड़ा था। इसके संबंध में संबंधित किसान विभाग से वार्ता किए बिना ही जबरन हैड खोलकर पीएस नहर में पानी छोड़ा है। जो कानूनन सही नहीं है। जिसको लेकर संबंधित किसानों पर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

## युवक से मारपीट कर रूपए छीने

**बीकानेर,** (कासं)। फैक्ट्री में दूध तुलवा रहे एक व्यक्ति को बदमाश जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की और रूपए छीन लिए।

हापासर निवासी श्रवण पुत्र सहीराम जाट ने बीछवाल थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार वह दोपहर करीब एक बजे करणीनगर स्थित गोपाल फैक्ट्री में दूध तुलवा रहा था तभी तनेसिंह, भैरोंसिंह व तीन अन्य व्यक्ति कैम्पर गाड़ी लेकर आए। उसे व भागीरथ को जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। आरोपियों ने पिस्तौल से गोली चलाई पर गोली उसे नहीं लगी।

आरोपियों ने भागीरथ को बैंक भेजकर 66 हजार रूपए निकलवाने को कहा। परिवादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों को जब भागीरथ ने 66 हजार रूपए निकलवा कर दिए और बैंक का स्टेटमेंट दिखाया, जिसमें अब 354 रुपए शेष थे। इसके बाद युवक को मारपीट कर पीबीएम अस्पताल के पास पटक कर चले गए। वहीं ग्राम न्यायालय बीकानेर द्वारा नाल में 20 दिसम्बर को मोबाइल कोर्ट का आयोजन प्रातः 10:30 बजे किया जायेगा।

# बुजुर्गों के पास अनुभव का खजाना : समरा

■ वक्ताओं ने सेवानिवृति के बाद खुद को सक्रिय रखते हुए निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही

**श्रीकरणपुर,** (कासं)। वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज का अहम हिस्सा है। उनके पास ज्ञान व अनुभव का खजाना है। इससे नई पीढ़ी व समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष जंगीर सिंह समरा ने ये बात पेंशनर दिवस पर रविवार को राजस्थान पेंशनर समाज के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।

मुख्य अतिथि समरा ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर व्यक्ति जीवन के उतार-चढ़ाव के बारे में बहुत कुछ सीख जाता है। इसी अनुभव के बूते वह भावी पीढ़ी के लिए आदर्श बन सकता है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सैन्य अधिकारी सूबेदार संजय भारती भारती ने कहा कि वृद्धजन के पास अनुभव का समुद्र है। इसे बांटकर वे युवा पीढ़ी को एक नई दिशा दे सकते हैं।

संगठन के सचिव राकेश त्यागी ने वर्षभर में संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संरक्षक बलदेव सैन, केवल सिंह, पूर्व अध्यक्ष रोचीराम मानवानी, अवतार सिंह चहल, मदनलाल राजपाल, नंदलाल भाटिया, बिहारीलाल मुटनेजा, उषा छाबड़ा, सरोज पांडे, सुरेन्द्र कौर ढिल्लो व दर्शना गुप्ता आदि ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने सेवानिवृति के बाद खुद को सक्रिय रखते हुए निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही। सेवानिवृत प्रधानाचार्य सुषमा भास्कर ने काव्य रचनाएं पेश की। सेवानिवृत पुलिसकर्मी सुखपाल करणपुरी ने जब हम बूढ़े होंगे गीत के दौरान हास्य प्रस्तुति देकर रंग जमाया।

उपाध्यक्ष जगननाथ कंबोज, कोषाध्यक्ष नरेश छाबड़ा, गिरधारी सिंह व विष्णुशरण पाहवा आदि ने संगठन की उपलब्धियों व उद्देश्य की जानकारी दी। अध्यक्ष बालकृष्ण गहलोत ने अतिथियों व पेंशनर्स का आभार जताया। पेंशनर्स बिहारीलाल गुप्ता, प्रेमनाथ धूडिया मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**चूरू,** (कासं)। राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।

महाविद्यालय के पूर्व एनएसएस प्रभारी डॉ शांतनु डाबी ने स्वयंसेवकों को साफ सफाई का महत्व बताया और कहा जहां साफ सफाई रहती है, वहां बीमारियां नहीं रहती। उसके पश्चात चारों इकाइयों के प्रभारियों ने बताया कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा तथा व्यक्तित्व निर्माण होता है।

प्रभारियों द्वारा स्वयंसेवको के ग्रुप बनाकर कार्य का बंटवारा करके सरस्वती वाटिका एवं विवेकानंद वाटिका में उपस्थित प्लास्टिक को एक जगह एकत्रित करवाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इसके साथ.साथ पेड़ पौधों के चारों ओर गड्ढे करवाकर पानी दिया गया।

महाविद्यालय परिसर में अंदर की ओर साफ सफाई करवाई गई। सभी स्वयंसेवकों ने हर्षोल्लास के साथ कार्य किया। एनएसएस प्रभारी रविंद्र कुमार शर्मा, वंदना कुमारी डॉ़लालचंद चाहर तथा विनित ढाका ने सभी स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।

## निजीकरण की खिलाफत

**बीकानेर,**(कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (भामस) का जिला अधिवेशन रविवार को धरणीधर के रंगमंच पर सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में कर्मचारियों के हितों को लेकर चर्चा की गई।

संघ के सचिव जगदीश दाधीच ने बताया कि पूर्व सरकारों ने कर्मचारियों के साथ विश्वासघात करते हुए विद्युत निगम समेत सभी विभागों को निजी हाथों में सौंपने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिजली, रोडवेज, रेलवे व बीएसएनएल विभागों को निजी हाथों में सौंप रही है। निजीकरण के खिलाफ आज के अधिवेशन में सरकारों द्वारा विभागों को निजी हाथों में सौंपने से कैसे रोका जाएं पर चर्चा की।

# राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर वृद्धजनों का सम्मान किया

**चूरू,** (कासं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा चूरू की ओर से जिला पेंशनर कल्याण केन्द्र में रविवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय पेंशनर दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में रतननगर, राजगढ़, सिद्धमुख, तारानगर, सरदारशहर, रतनगढ़, सुजानगढ़, बीदासर उप शाखाओं और चूरू जिला शाखा के लगभग 180 पेंशनरों ने भाग लिया।

इस अवसर पर रतनगढ़ की 107 वर्षीय पेंशनर रुकमणीदेवी, चारणवासी चूरू के 93 वर्षीय पेंशनर गोगदान चारण व 80 वर्ष से ऊपर की आयु के कुबेरसिंह शेखावत, घनश्याम शर्मा, कुरडाराम कानखेडिया, रामचन्द्र गहलोत, नरेशचन्द्र शर्मा, महावीरप्रसाद सैनी सहित साहित्यकार पेंशनर डॉ. रामकुमार घोटड़, बनवारीलाल शर्मा 'खामोश', ओमप्रकाश तंवर, शेरसिंह चौहान, महावीरप्रसाद लखेरा, सोहनलाल फगेडिया व हरिसिंह का शॉल ओढ़ाकर व मार्ल्यापण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया चूरू के शाखा उप प्रबन्धक विकास कुमार गोस्वामी व सहायक प्रबन्धक जयन्त परिहार ने कहा कि वृद्धजन समाज की धरोहर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त कोषाधिकारी रामस्वरूप शर्मा ने पेंशनरों को सम्बोधित करते हुए पेंशनरों को भरोसा दिलाया कि अगर उनका कोई भी प्रकरण बकाया हो तो वे निःसंकोच कार्यालय को अवगत करवायें। विशिष्ट अतिथि सहायक कोषाधिकारी रामावतार शर्मा, उपशाखा सरदारशहर के देवीदत्त पारीक, रतनगढ़ के सत्यनारायण सेवदा, सुजानगढ़ के सुरजाराम डाबरिया, रतननगर के छगनलाल, राजगढ़ के सत्यनारायण गुप्ता, सदीक मोहम्मद खींची, तारानगर के पालाराम जिंदल ने भी विचार व्यक्त किए।

# आधा सत्र बीता, अब मिला गणवेश का कपड़ा

■ बज्जू उपखंड क्षेत्र में 184 विद्यालयों में 14 हजार 5 बच्चों को यूनिफॉर्म का कपड़ा वितरित किया

**बीकानेर,** (कासं)। गत कांग्रेस सरकार की ओर से शुरू की गई निशुल्क यूनिफॉर्म योजना के तहत स्कूलों में आधा सत्र बीतने के बाद अब विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए कपड़ा मिला है। सरकार ने निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना के तहत कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म देने की घोषणा की थी।

योजना में प्रत्येक छात्र-छात्रा को वर्ष में दो पोशाकों का कपड़ा देने का प्रावधान किया था। इसके तहत पिछले दिनों शिक्षा विभाग ने बच्चों को यूनिफॉर्म का कपड़ा वितरित किया है। जिले के बज्जू उपखंड क्षेत्र में 184 विद्यालयों में 14 हजार 5 बच्चों को यूनिफॉर्म का कपड़ा वितरित किया है। लेकिन सिलाई की राशि दो सौ रूपए अभी उपलब्ध नहीं कराई है।

सिलाई राशि बाद में खाते में स्थानांतरित की जायेगी। इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। इन दिनों विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाएं समाप्त होने के साथ शीतकालीन अवकाश शुरू होंगे। नए वर्ष जनवरी 2024 में फिर से विद्यालय खुलेंगे। तब कहीं विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म बनकर तैयार होगी। यूनिफॉर्म का कपड़ा सामान्य पॉलिथीन बैग में मुहैया कराया गया है। इस पर किसी का फोटो नहीं है।

पिछले सत्र में जिस पॉलिथीन बैग में कपड़ा उपलब्ध कराया था। उस पर योजना का नाम व मुख्यमंत्री की फोटो लगी थी। चुनाव आचार संहिता के कारण यूनिफॉर्म का कपड़ा वितरित करने का कार्य अटक गया था। प्रदेश की स्कूलों में 1 मई से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है। वहीं 16 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होता है। इसकी समाप्ति पर 21 जून से दुबारा विद्यालय शुरू होते हैं। तब से आज तक करीब 6 महीने बीत चुके हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से अब विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म का कपड़ा वितरित किया गया है। अर्द्धवार्षिक परीक्षा पूरी होने के साथ शीतकालीन अवकाश शुरू होगा। मार्च में होली पर्व के पहले या बाद में वार्षिक परीक्षा शुरू होगी। इससे बच्चे को योजना का लाभ नहीं के बराबर मिलेगा।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बज्जू डॉ. रामगोपाल शर्मा ने बताया कि योजना के तहत ब्लॉक के 184 विद्यालयों के 14 हजार 05 छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म का कपड़ा वितरित किया है। शीघ्र ही अभिभावकों के खातों में सिलाई के 200 रूपए जमा करवाए जायेंगे। योजना के तहत प्रत्येक छात्र-छात्रा को दो पोशाक के लिए कपड़ा उपलब्ध करवाया जा रहा है। सिलाई के लिए 200 रुपए अभिभावकों के खाते में जमा करवाए जायेंगे।

## सात्यूं में निरंकारी सत्संग

**चूरू,** (कासं)। तारानगर के निकटवर्ती ग्राम सात्यूं में संत निरंकारी मंडल की ओर से रविवार को आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिलानी के ब्रह्मज्ञानी महात्मा आर.एस. राठौड़ ने कहा कि कर्म ही प्रधान है, परंतु प्रभु को जाने बिना मनुष्य उत्तम कर्म व मानवीय गुणों से युक्त कर्म नहीं कर सकता। व्यक्ति को प्रभु की सत्ता को ध्यान में रखते हुए भगवान की भक्ति करनी चाहिए। इस अवसर पर जॉनल इंचार्ज महात्मा शिव भगवान बजाज ने कहा कि व्यक्ति को किसी भी कार्य को कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। बजाज ने बताया कि यह सत्संग महात्मा जुगल कुमार सहू के प्रेरणा दिवस के रूप में आयोजित किया गया है।

बजाज ने कहा कि इस युग में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से हर मानव प्रभु को प्राप्त कर जीवन को सफल बना सकता है। सत्संग से मानव-मानव के बीच प्रेम भाव प्रकट होता है। इस अवसर पर इंद्राज, राजकुमार, डॉ. महेश कुमार शर्मा, पवन साहू, डॉ. अमर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल पूनियां ने किया।

# हेरोइन तस्कर को हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर भेजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बार- बार मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी में लिप्त एक आरोपी और आरोपी के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जिसको हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने हेरोइन तस्करी में लिप्त राजन पुत्र खानराम छजगरिया बस्ती अशोक नगर बी 6 अप्रेल 2023 को सौ ग्राम हेरोइन व 30 हजार रूपए बिक्री राशि के साथ गिरफ्तार किया था। जिसको जमानत होने के बाद मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए पाबंद कराया था।

इसके बाद भी आरोपी राजन छजगरिया हेरोइन की तस्करी में लिप्त रहा। 12 अगस्त 2023 को 32 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा गया था। जिसको जेल भिजवाया गया था। आरोपी राजन पर प्रभावी रोकथाम को थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह व हैड कांस्टेबल अब्दुल जब्बार ने पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर गृह सचिव को भिजवाया। जहां से 13 दिसम्बर को राजन को पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर में निरूद्ध किए जाने के आदेश हुए। जिसको निरूद्ध किया जाकर पुलिस गार्ड के साथ हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर भिजवाया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी राजन छजगरिया अपनी मां राजूदेवी, भाई साजन व अमर नायक के साथ मिलकर पिछले दो साल से हेरोइन तस्करी में लिप्त है। आरोपी राजन के खिलाफ 2023 में 3 प्रकरण दर्ज हैं। इसकी मां पर भी 3, भाई पर एक, साले पर एक प्रकरण दर्ज है।

प्रिवेंशन ऑफ इलिसिट ट्रैफिक इन नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1988 में धारा 3 में सरकार को किसी व्यक्ति को मादक दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों के अवैध व्यापार में शामिल होने से रोकने के लिए हिरासत में लेने का अधिकार देती है। जबकि धारा 10 में अंतरराष्ट्रीस सीमा से 100 किलोमीटर की दूरी की परिधि में नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर दो साल तक जेल में निरूद्ध करने की शक्ति है। एनडीपीएस एक्ट 1988 के तहत बार- बार अपराध करने पर समाज के लोगों के स्वास्थ्य का खतरा तो होता ही है। इससे सरकार की अर्थव्यवस्था भी काफी ज्यादा प्रभावित होती है। लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को ही इससे खतरा है। जिले में पिछले सालों में भारी मात्रा में हेरोइन, चिट्टा, गांजा, अफीम, नशे की गोलियां बरामद हो रही है।

जिले में इस तरह के करीब 22 मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सबसे पहले जवाहर नगर थाना इलाके में छजगरिया मोहल्ले में मादक पदार्थ तस्कर की लाखों रूपए कीमत की कोठी को ध्वस्त कर दिया गया था। इसके बाद हिन्दुमलकोट इलाके के एक तस्कर रेशम सिंह निवासी चक चार बड़ी सी पक्की को 13 जुलाई को एनडीपीएस एक्ट के तहत निरूद्ध किया गया था। हिन्दुमलकोट इलाके में ही एक अन्य तस्कर की संपत्ति फ्रीज की गई थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू

**सादुलपुर,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 ग्रामीण व 17 शहरी केंद्रीय कुल 34 जनहितैषी केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार व नामांकन संबंधी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रविवार सुबह 9.30 बजे से ग्राम पंचायत डोकवा से प्रारंभ किया गया। चूरू जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग के मार्गदर्शन, प्रशिक्षु आईएएस सक्षम गोयल के मार्गदर्शन एवं उपखंड अधिकारी राजगढ दीपांशु सांगवान की अगुवाई में सीबीईओ राजगढ बबलेश शर्मा, तहसीलदार राजगढ इमरान पठान एवं अन्य अधिकारियों द्वारा इस यात्रा का उपखंड राजगढ में आगाज किया गया। जिसमे केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित लोगों को जोडने का कार्य प्रारंभ किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं में संबंधित विभागों द्वारा कुल 198 रजिस्ट्रेशन ग्राम पंचायत डोकवा के किए गए। तथा आगे भी योजना निरंतर जारी रहेगी, जिसका रूट चार्ट प्रथक से उपखंड अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी कर दिया गया है। इसी दौरान